*साझा दृष्टिकोण, साझा जिम्मेदारियाँ: बैंकिंग पर्यवेक्षण में अग्रिम आश्वासन**

स्वामीनाथन जे.

श्री अजय भूषण प्रसाद पांडे, अध्यक्ष, राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण; श्री एम आर राव, उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक; भारतीय रिज़र्व बैंक के कार्यपालक निदेशक; सीए रणजीत अग्रवाल, अध्यक्ष, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउन्ट्स ऑफ इंडिया; बैंकों और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के लेखा परीक्षक और मुख्य वित्तीय अधिकारी; भारतीय रिज़र्व बैंक के मेरे सहयोगी; देवियो और सज्जनों। शुभ प्रभात।

हमारी बैंकिंग प्रणाली में वित्तीय ईमानदारी और अनुशासन के प्रमुख स्तंभों में से एक - लेखा परीक्षकों और मुख्य वित्तीय अधिकारियों (सीएफओ) की इस विशिष्ट सभा को संबोधित करना वास्तव में एक सम्मान की बात है। आज का सम्मेलन ऐसे लक्षित दर्शकों के संदर्भ में अपनी तरह का एक पहला सम्मेलन है, लेकिन यह रिज़र्व बैंक द्वारा अपनी विनियमित संस्थाओं के साथ किए जा रहे जुड़ावों की एक श्रृंखला का हिस्सा है, जो अनुशासन और आश्वासन कार्यों के विशिष्ट महत्व को रेखांकित करता है।

आज के सम्मेलन का विषय, साझा दृष्टिकोण और साझा जिम्मेदारियां, लेखा परीक्षकों और बैंक पर्यवेक्षकों की भूमिकाओं के बीच तालमेल प्रतिबिंबित करता है, जो हमारी वित्तीय प्रणाली के स्वास्थ्य और स्थिरता दोनों के लिए महत्वपूर्ण हैं। साथ मिलकर, हम अग्रिम आश्वासन और बैंकिंग पर्यवेक्षण के लिए एक दृष्टिकोण और जिम्मेदारी साझा करते हैं।

सीएफओ की भूमिका और अपेक्षाएं

आज हमारे बीच बैंकों और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के सीएफओ मौजूद हैं। एक बैंक के सीएफओ के रूप में कार्य करने के बाद, मैं इस भूमिका की बहुत बड़ी जिम्मेदारियों को गहराई से समझता हूं। मैं आपके लिए बस यही कामना कर सकता हूं कि आपकी लेखा परीक्षा साफ-सुधरी हो, आपके आंकड़े सटीक हों और आपका भविष्य हमेशा उज्वल हो!

सीएफओ के रूप में, आपको बैंक के वित्तीय विवरणों और रिपोर्टों की सटीकता, पूर्णता और सत्यता सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है। इसके अलावा, आपको यह सब सख्त संवैधानिक और विनियामक समय-सीमाओं को ध्यान में रखते हुए करना होगा। यद्यपि जोखिम प्रबंधन के लिए समर्पित एक मुख्य जोखिम अधिकारी होता है, फिर भी इस क्षेत्र में, विशेष रूप से पूंजी पर्याप्तता, परिपक्वता अंतर और चलनिधि प्रबंधन में सीएफओ का योगदान महत्वपूर्ण है। सीएफओ रणनीतिक योजना, बजटन और निवेशक संबंधों - संक्षेप में, अपने संस्थानों के वित्तीय भविष्य को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वास्तव में, आज के गतिशील वित्तीय परिदृश्य में, सीएफओ की भूमिका केवल आंकड़ों के बारे में नहीं है, बल्कि संस्थान को सतत विकास और समुत्थानशीलता की ओर ले जाने की भी है। व्यक्तिगत अनुभव से, मैं कह सकता हूँ कि यदि यह केवल आंकड़ों के बारे में होता, तो यह काम उतना दिलचस्प नहीं होता!

इन कार्यों की व्यापकता देखते हुए, सीएफओ बैंक के दैनिक कार्यों के साथ गहराई से जुड़े हुए हैं और उन्हें संगठन के किसी भी अन्य प्रमुख व्यवसाय प्रमुखों या उच्च अधिकारियों की तुलना में अपने संस्थान की ताकत और कमजोरियों की गहरी समझ है। इस गहन ज्ञान के कारण सीएफओ की जिम्मेदारी का स्तर ऊँचा रहता है। संभवतः मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के बाद यह वह पद है जिसे पूरे बैंक और इसकी वित्तीय ताकत के प्रमुख साधनों की सम्पूर्ण जानकारी होती है। इसलिए, यह उनका कर्तव्य है कि वे लेखा परीक्षकों और पर्यवेक्षकों, विशेष रूप से नए लेखा परीक्षकों और पहली बार पधारे पर्यवेक्षी दलों के सदस्यों को बैंक के संचालन की बारीकियों से परिचित कराएं, व्यापक अवलोकन और संदर्भ प्रदान करके सीएफओ इन दलों को बैंक के आंतरिक वातावरण, चुनौतियों और रणनीतिक उद्देश्यों से पूरी तरह से अवगत कराने में मदद कर सकते हैं। यह न केवल अधिक प्रभावी लेखा परीक्षा और पर्यवेक्षण की सुविधा प्रदान करता है बल्कि बैंक के समग्र कार्यनिष्पादन और विनियामक अनुपालन को बढ़ाने के उद्देश्य से एक सहयोगी संबंध को भी बढ़ावा देता है।

* भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर श्री स्वामीनाथन जे. का 9 जुलाई, 2024 को मुंबई में वाणिज्यिक बैंकों और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के संवैधानिक लेखा परीक्षकों और मुख्य वित्तीय अधिकारियों के सम्मेलन में भाषण।

सीएफओ के लिए लेखा परीक्षकों और बैंक पर्यवेक्षकों के साथ खुले और ईमानदार संप्रेषण माध्यम बनाए रखने की आवश्यकता इस सहयोग का अभिन्न अंग है। इन दलों से किसी भी जानकारी को छुपाने, रोक रखने या अधूरी जानकारी प्रदान करने की धारणा से बचना आवश्यक है। पारदर्शिता महत्वपूर्ण है; व्यापक और सटीक डेटा साझा करके, सीएफओ न केवल एक आसान लेखा परीक्षा और पर्यवेक्षण प्रक्रिया सुचारु करते हैं, बल्कि ईमानदारी और अनुपालन के लिए बैंक की प्रतिबद्धता भी मजबूत करते हैं। यह सहयोग विश्वास दृढ़ करता है, विनियामक अनुपालन सुनिश्चित करता है, और अंततः संस्थान की वित्तीय स्थिरता और प्रतिष्ठा में योगदान देता है।

यह आंतरिक रूप से भी उतना ही सच है। सीएफओ को किसी भी दुस्साहस या विनियमों या लेखांकन मानकों की बुद्धिमान व्याख्या से बचते हुए वित्तीय रिपोर्टिंग की सत्यता की रक्षा करनी चाहिए। मैं, सीएफओ से आग्रह करूंगा कि वे विस्तृत जानकारी पर नजर रखें और एमडी एवं सीईओ तथा बाकी शीर्ष प्रबंधन के साथ स्पष्ट और पारदर्शी चर्चा करें। यदि किसी मामले में उच्च स्तर के मार्गदर्शन की आवश्यकता है, तो आपको बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) के अध्यक्ष तक संपर्क के माध्यम को भी खुला रखना चाहिए।

सीएफओ को लेखा परीक्षा या पर्यवेक्षी समीक्षा के दौरान पायी गई किसी भी कमी के गहन मूल कारण का विश्लेषण करना चाहिए। अल्पकालिक सुधारों को लागू करने के बजाय, इन मुद्दों के अंतर्निहित कारणों को समझकर उनका समाधान करना, अनुपालन के दीर्घकालिक रूप से बने रहने को सुनिश्चित करता है। यह दृष्टिकोण समस्याओं की पुनरावृत्ति को रोकने में मदद करता है और समग्र अनुशासन को मजबूत तथा बैंक के वातावरण को नियंत्रित करता है।

एक क्षेत्र जो पिछले कुछ वर्षों में अधिक प्रकाश में आया है वह है, आंतरिक खातों का नियंत्रण और प्रबंधन। हमने पाया कि कुछ बैंकों में बिना किसी वैध कारण के लाखों खाते हैं। इनमें से कुछ खातों का उपयोग कतिपय धोखाधड़ी वाले लेनदेन और ऋण खातों के एवर ग्रीनिंग के रूप में भी किया गया था। आंतरिक खाते दुरुपयोग की संभावना के कारण उच्च जोखिम की प्रकृति के होते हैं। इसलिए मैं सीएफओ से अनुरोध करता हूं कि उन्हें पूरी तरह से तर्कसंगत बनाया जाए, उन्हें आवश्यक न्यूनतम स्तर तक लाया जाए और समय-समय पर मिलान व एसीबी को उचित रिपोर्टिंग के माध्यम से उन पर अधिक नियंत्रण रखा जाए।

मैं सीएफओ से प्रौद्योगिकी और डेटा एनालिटिक्स में निवेश करने का भी आग्रह करूंगा जो उन्हें अधिक सटीक और वास्तविक समय की वित्तीय जानकारी प्रदान करने में सशक्त बनाएगा। यह न केवल रणनीतिक निर्णय लेने में सहायता करता है बल्कि लेखा परीक्षा या पर्यवेक्षी समीक्षा के दौरान पहचाने गए किसी भी मुद्दे पर शीघ्र प्रतिक्रिया देने की क्षमता भी बढ़ाता है।

लेखापरीक्षकों की भूमिका और अपेक्षाएँ

सटीक वित्तीय विवरण तैयार करने की प्राथमिक जिम्मेदारी बैंकों के प्रबंधन की है, जिसमें सीएफओ महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालाँकि, लेखा परीक्षकों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। नियामकों, निवेशकों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से जमाकर्ताओं सहित सभी हितधारक, लेखा परीक्षकों द्वारा प्रदान किए गए आश्वासन पर भरोसा करते हैं कि वित्तीय विवरण बैंक की स्थिति और कार्यनिष्पादन के बारे में वास्तविक और निष्पक्ष दृष्टिकोण दर्शाते हैं, जो कि गलत बयानी से मुक्त है। बैंकिंग क्षेत्र में यह भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, जहां विश्वास सर्वोपरि है।

सुरक्षा मॉडल की तीन पंक्तियों से आप सभी परिचित होंगे। सुरक्षा की पहली पंक्ति लाइन प्रबंधन है, इसके बाद अनुपालन और जोखिम प्रबंधन है और तीसरी पंक्ति आंतरिक लेखा परीक्षा है। ये सभी मिलकर बैंक में एक आंतरिक सुरक्षा तंत्र का निर्माण करते हैं। लेकिन एक नियामक के लिए आश्वासन की चौथी और सबसे महत्वपूर्ण पंक्ति बैंक के संवैधानिक लेखा परीक्षक हैं।

लेखा परीक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने लेखा परीक्षण प्रक्रिया की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए कई पहल की हैं। इनमें पर्यवेक्षी दलों और लेखा परीक्षकों के बीच संरचित बैठक तंत्र, अपवाद रिपोर्टिंग की शुरुवात, लेखा परीक्षकों की नियुक्ति के लिए प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और लेखा परीक्षकों की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए डिज़ाइन किए गए अन्य उपाय शामिल हैं। बेहतर समझ को बढ़ावा देने के लिए, आरबीआई ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड

अकाउंट्स ऑफ इंडिया के साथ लेखा परीक्षित स्थितियों और आरबीआई की टिप्पणियों के बीच अंतर के विशिष्ट कारणों को साझा करने की एक प्रणाली भी स्थापित की है। इसके अलावा, बैंक विशिष्ट व्यवसाय और वित्तीय जोखिमों को ध्यान में रखते हुए व्यवसाय व्याप्ति निर्धारित करने के लिए लेखा परीक्षकों को अधिक विवेकाधिकार दिया गया है।

इस संदर्भ में, मैं मजबूत वित्तीय निगरानी और विनियामक अनुपालन सुनिश्चित करने में सहायता के लिए लेखा परीक्षकों की पांच प्रमुख अपेक्षाओं पर प्रकाश डालना चाहूंगा।

सबसे पहले, लेखा परीक्षकों को संवैधानिक और विनियामक आवश्यकताओं के साथ किसी भी विचलन, कम-प्रावधानीकरण, या अननुपालन की संभावना को कम करने के लिए अपनी लेखा परीक्षा क्रियाविधियों में उचित कठोरता बरतनी चाहिए। इसके अलावा, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन यह लेखा परीक्षकों की भूमिका का एक महत्वपूर्ण पहलू है। लेखा परीक्षक सावधानीपूर्वक मानकों को बनाए रखते हुए, नियामक दिशानिर्देशों के साथ-साथ लेखा परीक्षण मानकों का पालन करके, पर्यवेक्षकों के हस्तक्षेप की आवश्यकता को कम कर सकते हैं।

दूसरे, जैसे-जैसे विनियामक ढाँचे और लेखांकन मानक तेजी से सिद्धांत-आधारित दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहे हैं, लेखा परीक्षकों की निर्णायन भूमिका भी तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है। अपनी जिम्मेदारियों को निष्पादित करने में, लेखा परीक्षकों को विवेकपूर्ण निर्णय लेना चाहिए, स्वरूप से अधिक सार को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसका तात्पर्य यह है कि लेखा परीक्षकों को केवल तकनीकी अनुपालन से आगे बढ़ना चाहिए। इसके बजाय, उन्हें विनियमों के उद्देश्य को समझना चाहिए और व्यवहार में इसके अनुप्रयोग का मूल्यांकन करना चाहिए ताकि लेखा परीक्षा परिणामों की विश्वसनीयता बढ़ाई जा सके।

तीसरा, लेखा परीक्षक बैंक प्रबंधन और आरबीआई दोनों को प्रारंभिक कमजोरियों की पहचान कराने और उसकी तुरंत रिपोर्ट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जैसा कि आप जानते होंगे, अपवाद रिपोर्टिंग की एक प्रणाली लागू की गई है जिसमें चिंता का मुद्दा देखते ही आरबीआई को रिपोर्ट करना आवश्यक है। परिचालन संबंधी अक्षमताओं, चलनिधि समस्याओं या उभरते अनियमित बाजार प्रवृत्तियों जैसे जोखिमों का शीघ्र पता लगाने से सक्रिय प्रबंधन रणनीतियों और शमन उपायों को सक्षम बनाया जा सकता है। यह न केवल बैंक के हितों की रक्षा करता है बल्कि प्रणालीगत लचीलेपन को भी मजबूत करता है और समग्र वित्तीय स्थिरता को बढ़ाता है।

चौथा, लेखा परीक्षकों को विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आवश्यक प्रशिक्षण, कौशल और अनुभव से लैस सक्षम कर्मचारियों को तैनात करना चाहिए। आज के डिजिटल युग में, जहां साइबर खतरे तेजी से जटिल होते जा रहे हैं, आईटी जोखिमों का प्रभावी ढंग से आकलन करने और उन्हें कम करने के लिए विशेष विशेषज्ञतावाले लेखा परीक्षक की आवश्यकता हैं। यह सुनिश्चित करते हुए कि लेखा परीक्षा दल उभरती प्रौद्योगिकियों और सुरक्षा प्रोटोकॉल से अच्छी तरह वाकिफ हैं, लेखा परीक्षक संवेदनशील वित्तीय डेटा की सुरक्षा और मजबूत साइबर सुरक्षा ढांचे को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ईमानदारी के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए, लेखा परीक्षकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हितों का कोई ऐसा टकराव न हो, जिससे उनके लेखा परीक्षण की निष्पक्षता और स्वतंत्रता से समझौता हो। विनियामकों, निवेशकों और जनता सहित हितधारकों के बीच विश्वासर्हता बढ़ाने में पारदर्शिता और निष्पक्षता अत्यंत महत्वपूर्ण है। लेखा परीक्षकों को अपनी विश्वसनीयता और लेखा परीक्षा परिणामों की सत्यता बनाए रखने के लिए पेशेवर नैतिकता और दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करना चाहिए।

निष्कर्ष

अंत में, मैं यह उल्लेख करना चाहूंगा कि आज बैंकिंग क्षेत्र उन सभी वित्तीय मापदंडों के मामले में, एक दशक के उच्चतम स्तर पर है, जिनकी हम निगरानी करते हैं और यह क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास का समर्थन करने के लिए अच्छी तरह से तैयार है लेकिन यह सुनिश्चित करना हमारी साझा जिम्मेदारी है कि यह वर्षों तक बना रहे। इसलिए, आज का सम्मेलन हमारे वित्तीय संस्थानों की ईमानदारी और स्थिरता की सुरक्षा में

लेखा परीक्षकों, सीएफओ और वित्तीय क्षेत्र के नियामकों के बीच अपरिहार्य साझेदारी को रेखांकित करता है। साथ मिलकर, हमें हितधारकों के बीच विश्वास को बढ़ावा देने और हमारी बैंकिंग प्रणाली की निरंतर समुत्थानशीलता सुनिश्चित करने के लिए पारदर्शिता, परिश्रम और व्यावसायिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखना चाहिए।

आज के सम्मेलन के विषय को ध्यान में रखते हुए, हम सभी - लेखा परीक्षकों, सीएफओ और पर्यवेक्षकों को सहयोग और संप्रेषण को बढ़ावा देना जारी रखना चाहिए ताकि हम एक ऐसे भविष्य की ओर बढ़ सकें जहां हमारा बैंकिंग क्षेत्र न केवल अपेक्षाओं को पूरा करता है बल्कि अपेक्षाओं से बढ़कर अनुशासन और ईमानदारी में उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करता है।

इसके साथ ही, मैं आज के सम्मेलन में आपकी सहभागिता के लिए आपको धन्यवाद देता हूं। हम आगे पूरे दिन के लिए निर्धारित परस्पर संवादात्मक सत्रों में आपके विचार सुनने के लिए उत्सुक हैं।